PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, Delhi
Thu, 04 May 2017, Page 11
Width: 48.72 cms, Height: 38.39 cms, a3r, Ref: 24.2017-05-04.89

## पीएम मोदी ने किया पतंजलि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन, बाबा रामदेव ने पीएम मोदी को दी 'राष्ट्र ऋषि' की उपाधि

# स्वच्छता से बदलें देश की तस्वीर: मोदी

**हरिद्वार। ब्यूरो**

पतंजलि योगपीठ में बने 'पतंजलि अनुसंधान संस्थान' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'जितने मरीजों को चिकित्सक उपचार से ठीक करते हैं, उससे कहीं ज्यादा लोग साफ-सफाई रखकर स्वस्थ रहेंगे।'

पतंजलि संस्थान के समारोह में मोदी ने कहा कि यदि सवा सौ करोड़ देशवासी संकल्प ले लें कि 'मैं गंदगी नहीं करूंगा तो देश की तस्वीर बदल जाएगी।' केदारनाथ से लौटने के बाद प्रधानमंत्री सीधे हरिद्वार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आयुर्वेद पर शोध के लिए स्थापित संस्थान की प्रयोगशालाओं और हर्बल पार्क का निरीक्षण किया।

### आजादी के बाद भी आयुर्वेद की उपेक्षा

मोदी ने कहा कि हजारों साल से आयुर्वेद उपचार की श्रेष्ठ पद्धति थी, लेकिन गुलामी के दौर में इसकी महत्ता को कम करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में भी इस दिशा में कम ही प्रयास हुए, लेकिन बाबा रामदेव ने आयुर्वेद व योग को दुनिया में आंदोलन बना दिया। यह पैकेजिंग का दौर हैं। अब लोगों के पास जड़ी-बूटियों के सीधे इस्तेमाल के लिए समय नहीं है। ऐसे में उन्हें पैक्ड दवा चाहिए। बाबा रामदेव ने दुनिया में आयुर्वेद की वैज्ञानिकता को प्रमाणिक बनाने में योगदान दिया है।



पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उद्घाटन अवसर पर पीएम मोदी और बाबा रामदेव ठहाके लगाते नजर आए।

### 'राष्ट्र ऋषि' की उपाधि देने पर बोले, सरप्राइज दिया

कार्यक्रम में योग गुरु बाबा रामदेव ने पीएम मोदी को 'राष्ट्र ऋषि' की उपाधि दी। यह उपाधि मिलने पर मोदी ने कहा, यह बाबा रामदेव का उन्हें सरप्राइज है। इसका मतलब है आपसे जो अपेक्षाएं हैं वे पूरी करना।

### बालकृष्ण से अच्छी बाबा बूटी

पीएम ने मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि आचार्य बालकृष्ण की जड़ी-बूटियां शरीर को स्वस्थ बनाती हैं, लेकिन बाबा की बूटी (योग) तन और मन दोनों को स्वस्थ रखती है। उन्होंने बाबा के संकल्प और समर्पण की भी सराहना की।

### योग दिवस पर अहमदाबाद में जुटेंगे पांच लाख लोग

बाबा रामदेव ने जानकारी दी कि 21 जून को विश्व योग दिवस पर अहमदाबाद में पांच लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ साल के 365 दिन योग शिविर चलाएगा।

### एनसाइक्लोपीडिया का विमोचन

प्रधानमंत्री ने आचार्य बालकृष्ण द्वारा रचित 'वर्ल्ड हर्बल इनसाइक्लोपीडिया' पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और आचार्य बालकृष्ण ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**
**Thu, 04 May 2017, Page 8**
**Width: 19.03 cms, Height: 18.98 cms, a3r, Ref: 48.2017-05-04.78**

# आयुर्वेद को भी विश्व पटल पर लाएंगे: मोदी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

हरिद्वार।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पतंजलि अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने राष्ट्रऋषि की उपाधि से अलंकृत किया।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर पतंजलि योगपीठ में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पतंजलि अनुसंधान संस्थान से जड़ी-बूटियों एवं आयुर्वेदिक रिसर्च से सम्पूर्ण देश को फायदा होगा। विश्व पटल पर आयुर्वेद के विकास में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ के माध्यम से योग के लिए जो आन्दोलन चलाया गया है उसी प्रकार आयुर्वेद के क्षेत्र में भी भारत को विश्व पटल पर लाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सम्पूर्ण विश्व में योग उत्सव मनाया जाता है। स्वामी रामदेव का संकल्प एवं समर्पण ही उनकी सफलता की जड़ी-बूटी है। देश को सुखी एवं स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता अभियान पर विशेष बल देना होगा। सभी देशवासियों को संकल्प लेना होगा कि कोई भी व्यक्ति गंदगी नहीं करेगा। यदि स्वच्छ वातावरण रखेंगे और गंदगी नहीं होने देंगे तो अनेक बीमारियां स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया पतंजलि अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन**

**रामदेव ने पीएम को राष्ट्रऋषि की उपाधि से किया विभूषित**

मोदी ने कहा कि देश की नई पीढ़ी स्वच्छता के प्रति सजग हो रही है। प्रधानमंत्री ने आचार्य बालकृष्ण के अनुसंधान ग्रन्थ वर्ल्ड हर्बल एनसाइक्लोपीडिया का भी विमोचन किया। इस पुस्तक में 70 हजार से अधिक जड़ी बूटियों पर अनुसंधान के बारे में जानकारी दी गई है। इस पर पिछले 10 वर्ष से 200 वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। पतंजलि योगपीठ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्र ऋषि के रूप में सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री देश सेवा को परमात्मा की सेवा के रूप में देखते हुए देश के समग्र विकास के लिए गतिशील हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने योग के माध्यम से देश को अलग पहचान दिलाई है एवं स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाया है। स्वामी रामदेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पांच लाख लोगों को अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक देश में एक लाख योग कक्षाएं चल रही हैं निकट भविष्य में जल्द ही 11 लाख योग कक्षाएं निशुल्क संचालित की जाएंगी।

शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने भी प्रधानमंत्री का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड के राज्यपाल डा. केके पॉल, सहारा इंडिया परिवार के उप प्रबंध कार्यकर्ता श्री ओपी श्रीवास्तव, हरिद्वार के सांसद डा. रमेश पोखरियाल 'निशंक, कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Dainik Jagran, Delhi**
**Thu, 04 May 2017, Page 11**
**Width: 21.79 cms, Height: 16.97 cms, a4r, Ref: 49.2017-05-04.113**

# स्वच्छता से बदलें देश की तस्वीर : मोदी

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार** : पतंजलि योगपीठ में बने 'पतंजलि अनुसंधान संस्थान' का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'जितने मरीजों को चिकित्सक उपचार से ठीक करते हैं, उससे कहीं ज्यादा लोग साफ-सफाई रखकर स्वस्थ रहेंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि सवा सौ करोड़ देशवासी संकल्प ले लें कि 'मैं गंदगी नहीं करूंगा तो देश की तस्वीर बदल जाएगी।'

इस अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव ने पीएम को 'राष्ट्र ऋषि' की उपाधि दी। बुधवार को केदारनाथ से लौटने के बाद प्रधानमंत्री सीधे हरिद्वार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आयुर्वेद पर शोध के लिए स्थापित संस्थान की प्रयोगशालाओं और हर्बल पार्क का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों साल से आयुर्वेद उपचार की श्रेष्ठ पद्धति थी, लेकिन गुलामी के दौर में इसकी महत्ता को कम करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में भी इस दिशा में कम ही प्रयास हुए, लेकिन बाबा रामदेव ने आयुर्वेद व योग को दुनिया में आंदोलन बना दिया। मोदी ने कहा कि यह पैकेजिंग का दौर हैं। अब लोगों के पास जड़ी-बूटियों के सीधे इस्तेमाल के लिए समय नहीं है। ऐसे में उन्हें पैक्ड दवा चाहिए। बाबा रामदेव ने दुनिया में आयुर्वेद की वैज्ञानिकता को प्रमाणिक बनाने में योगदान दिया है। राष्ट्र ऋषि की उपाधि मिलने पर उन्होंने कहा कि यह बाबा रामदेव का मेरे लिए सरप्राइज है।

योग गुरु बाबा रामदेव ने प्रधानमंत्री को पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उद्देश्य से अवगत कराया और कहा कि वह ऋषि परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां जड़ी-बूटियों के जरिए जटिल रोगों के निदान पर शोध किया जाएगा। इसके लिए अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। संस्थान की स्थापना का उद्देश्य आयुर्वेद में शोध को बढ़ावा देना है। कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में वह दिन भी आएगा जब पतंजलि योगपीठ देश को नोबेल पुरस्कार दिलवाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आचार्य बालकृष्ण द्वारा रचित 'वर्ल्ड हर्बल इनसाइक्लोपीडिया' पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और आचार्य बालकृष्ण ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



हरिद्वार में बुधवार को पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगगुरु बाबा रामदेव आपसी बातचीत में खूब ठहाके लगाते नजर आए • जागरण

## आयोजन

- प्रधानमंत्री ने किया पतंजलि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन
- बाबा रामदेव ने पीएम मोदी को दी 'राष्ट्र ऋषि' की उपाधि

## बालकृष्ण से अच्छी बाबा की बूटी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण की जड़ी-बूटियां शरीर को स्वस्थ बनाती हैं, लेकिन बाबा की बूटी (योग) तन और मन दोनों को स्वस्थ रखती है। उन्होंने बाबा के संकल्प और समर्पण की भी सराहना की।

## जुटेंगे पांच लाख लोग

बाबा रामदेव ने जानकारी दी कि 21 जून को विश्व योग दिवस पर पांच लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ साल के 365 दिन योग शिविर चलाएगा।